इमिग्रेशन में धोखेबाजी की चेतावनी!

क्या इस तरह के इमिग्रेशन के प्रस्ताव मिल रहे हैं?

कनेडा में वीसा और नौकरियों की गारन्टी!

वर्क परमिट की गारन्टी! मुफ्त छात्रवृत्ति! कनेडा में ऊँचे वेतन की नौकरियां जिनमें न्यूनतम या किसी भी अनुभव की जरूरत नहीं! मुफ्त हवाई जहाज की टिकट और आवास! नौकरी की गारन्टी! विशेष कार्यक्रम! होटल में सफाई करने वाले के रूप में $4000 प्रति माह कमाएं!

इस तरह की धोखेबाजी का शिकार ना बनें! यदि प्रस्ताव इतना अच्छा है कि उस पर विश्वास करना मुश्किल है, तो शायद वही सही है।

आपके लिये क्या जानना जरूरी है :

- कनेडियन वीसा और नागरिकता के आवेदन के लिये आपको किसी इमिग्रेशन प्रतिनिधि की आवश्यकता **नहीं** है।
- इमिग्रेशन प्रतिनिधि का कनेडियन सरकार के अफसरों के साथ कोई विशेष संबंध नहीं है और वे आपको वीसा की गारन्टी **नहीं** दे सकते हैं।
- कनेडियन ऐम्बेसी, हाई कमिशन और काउन्सुलेट के सिर्फ **अधिकृत अफसर** ही तय कर सकते हैं कि वीसा दिया जाना चाहिये या नहीं।
- जाली दस्तावेजों का उपयोग करने की लालच में ना पड़ें क्योंकि उससे आपके आवेदन को ठुकरा दिया जाएगा।
- इन्टरनैट की धोखेबाजी और जाली वैब-साइट से सावधान रहें। सिटिज़नशिप ऐन्ड इमिग्रेशन कनेडा (सी.आई.सी. - CIC) की अधिकृत वैब-साइट है www.cic.gc.ca.
- आपको किसी भी तरह के वीसा के लिये **आवेदन के मुफ्त** फार्म और गाइड सी.आई.सी. की वैब-साइट पर मिलेंगे।
- सारी दुनिया के कनेडियन वीसा कार्यालयों में आवेदन की फीस एक समान ही है। सरकारी ऐक्सचेन्ज रेट के आधार पर स्थानीय मुद्रा में फीस निर्धारित की जाती है और वह कनेडियन डालर में फीस के बराबर होती है।
- कनेडियन वीसा कार्यालय, किसी के व्यक्तिगत बैंक अकाउन्ट में पैसा जमा करने या किसी विशेष व्यक्तिगत पैसा भेजने वाली कम्पनी के द्वारा पैसा भेजने आपसे **कभी नहीं** कहेंगे।
- यदि आपके कोई प्रश्न हों तो सी.आई.सी. से या आपके क्षेत्र के लिये जिम्मेदार वीसा कार्यालय से सम्पर्क करें।

अधिक जानकारी के लिये, जिसमें यह भी शामिल है कि यदि आप इमिग्रेशन प्रतिनिधि रखना चाहते हैं तो **कानूनी रूप से आपका प्रतिनिधित्व** कौन कर सकता है, **सी.आई.सी. की वैब-साइट पर इमिग्रेशन रिप्रैसैन्टेटिव्ज़ देखें** (http://www.cic.gc.ca/english/information/representative/index.asp).